दिनांक : 23.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

मतगणना– 1

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए मतों की गिनती जारी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला महा
युति गठबंधन ने भारी बढत बनाए ली है। ये गठबंधन 224 सीटों पर आगे है। जबकि महाविकास अगाड़ी को केवल 57 सीटो पर बढत है।

झारखंड में सत्तारूढ झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन 51 सीटो पर आगे है। वहीं भाजपा के नेतृत्व वाले एन डी ए गठबंधन के उम्मीदवार 29 सीटो पर बढत लिए हुए है। इसके साथ ही 15 राज्यों में 48 विधानसभा उपचुनावों तथा दो लोकसभा सीट के उपचुनावों के लिए भी मतगणना जारी है।

इनमें उत्तर प्रदेश के नौ, राजस्थान के सात, पश्चिम बंगाल के छह, असम के पांच, बिहार और पंजाब के चार–चार और कर्नाटक के तीन तथा केरल, मध्यप्रदेश और सिक्किम के दो–दो विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ, गुजरात और उत्तराखंड में भी एक–एक विधानसभा सीट के उपचुनाव की मतगणना जारी है। वहीं केरल के वायनाड और महाराष्ट्र के नांदेड संसदीय क्षेत्र में भी उपचुनाव की मतगणना की जा रही हैं।

मतगणना– 2

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा उपचुनाव के लिये मतगणना जारी है। ताजा रुझानों के अनुसार बुधनी से भाजपा प्रत्याशी रमाकांत भार्गव अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राजकुमार पटेल से 8 हजार 300 से अधिक वोंटों से आगे चल रहे है। जबकि विजयपुर से कांग्रेस उम्मीदवार मुकेश मल्होत्रा, भाजपा के राम निवास रावत से 7 हजार 300 से अधिक मतों से बढ़त बनाये हुये हैं । चुनाव नतीजों को लेकर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि भाजपा अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

मुख्यमंत्री हाइटैक गौ–शाला

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल स्थित बरखेड़ी डोब में करीब 15 करोड रुपए की लागत की गौ–शाला का भूमि–पूजन किया। इस गौ–शाला में 10 हजार गायों को रखा जा सकेगा। यह गौ–शाला लगभग 25 एकड़ क्षेत्र में बनाई जा रही है। इसमें गायों के आधुनिक तरीके से रख–रखाव के साथ ही उनके उपचार के लिए सभी संसाधनों से युक्त चिकित्सा वार्ड का भी निर्माण किया जाएगा।

संविधान दिवस

संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान की जानकारी के प्रति जन–जागरूकता के लिये आगामी 26 नवम्बर से वर्ष भर "हमारा संविधान–हमारा स्वाभिमान" अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान जन–सामान्य को संविधान की प्रस्तावना, संविधान का निर्माण और देश के संविधान पर गर्व करने जैसे बिन्दुओं पर मुख्य रूप से जानकारी दी जायेगी। इसी दौरान जन–समुदाय के बीच में संविधान पर केन्द्रित कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

प्रधानमंत्री– मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और news on air मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा।

राष्ट्रीय कृषि मेला

महाराष्ट्र के नागपुर में आज से दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि मेले एग्रोविजन का आयोजन किया जा रहा हैं। मेले में कृषि के क्षेत्र में नए ज्ञान, नवाचारों और आधुनिक तकनीक का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदेश में कृषि के साथ मछलीपालन और पशुपालन बढ़ाने का

कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश से विभिन्न मंत्री मेले में हिस्सेदारी कर रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल इस एग्रोविजन में भागीदारी कर चुके हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- काल भैरव की उपासना का महापर्व भैरव अष्टमी आज जबलपुर में धूमधाम से मनाई जा रही है। देश के तीन सिद्ध तांत्रिक मठों में से एक जबलपुर स्थित बाजनामठ में अनेक धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं।
- पोषण भी पढ़ाई भी की थीम पर नर्मदापुरम के आंगनबाड़ी केंद्र विक्रम नगर रसूलिया में पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के तहत नर्सरी प्ले स्कूल में उन्नयन किया गया।
- आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बडवानी जिले के पाटी विकासखंड में 10 पंचायतों में शाला त्यागी किशोरी बालिका सशक्तिकरण के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

..........................................